# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 14.06.2025 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा जंगल में आईईडी विस्फोट, सीआरपीएफ का एक जवान गंभीर रुप से घायल, बेहतर इलाज के लिए राउरकेला रेफर।**
2. **झारखंड हाईकोर्ट शिक्षण संस्थानों की सुरक्षा को लेकर गंभीर, राज्य के पुलिस महानिदेशक को दिया एसओपी बनाने का निर्देश।**
3. **राज्य में गहराया भाषा विवाद, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने सरकार की नीयत पर उठाये सवाल, शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा– जनता को गुमराह कर रही है भाजपा।**
4. **पद्मश्री छुटनी महतो ने राज्य में अंधविश्वास की बढ़ती घटनाओं पर जतायी चिंता, सरकार से की डायन प्रताड़ना के खिलाफ कठोर कानून बनाने की मांग।**
5. **हॉकी इंडिया की टीम पहुंची झारखंड, गुमला के चंदाली में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए बन रहे एस्टोटर्फ स्टेडियम का किया निरीक्षण।**

*********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा जंगल में आईईडी विस्फोट की खबर है। बताया जा रहा है कि सर्च ऑपरेशन के दौरान विस्फोट हुआ। इस विस्फोट में सीआरपीएफ 134 बटालियन का जवान सत्यवान कुमार सिंह गंभीर रुप से घायल हो गये। उन्हें बेहतर इलाज के लिए राउरकेला अपोलो रेफर कर दिया गया है। दरअसल झारखंड और ओडिशा के सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय नक्सलियों के विरुद्ध पिछले कुछ दिनों से लगातार झारखंड पुलिस, सीआरपीएफ और ओडिशा पुलिस की ओर से संयुक्त ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जवान नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिये लगाये गये आईईडी की चपेट में आ गये।

*********************

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के शैक्षणिक संस्थानों की सुरक्षा के लिए डीजीपी को एक मानक संचालन प्रक्रिया–एसओपी बनाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने वर्ष 2024 में बीआईटी मेसरा परिसर में छात्रों के दो गुटों में हुई मारपीट में एक छात्र की मौत की जांच रिपोर्ट भी बीआईटी प्रबंधन को पेश करने का निर्देश दिया है। जस्टिस संजय प्रसाद की अदालत ने छात्र की मौत के मामले से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान बीआईटी मेसरा के कुलपति, डीन, रजिस्ट्रार और राज्य के डीजीपी कोर्ट के आदेश के अनुसार सशरीर हाजिर भी हुए।

*********************

झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा–जेटेट के लिए राज्य सरकार द्वारा किये गये भाषा निर्धारण पर विवाद गहराता जा रहा है। विपक्षी पार्टी भाजपा ने सरकार की नीयत पर सवाल उठाये हैं। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं को नौकरी देने की मंशा ही नहीं रखती है।

**साउंड बाइट– रघुवर दास ऑन भाषा विवाद – 12 सेकेंड**

इस बीच राज्य में सत्तारुढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक झामुमो ने कहा है कि सरकार राज्यहित में सभी समस्याओं का समाधान निकालने के लिए प्रतिबद्ध है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का आरोप है कि भाजपा मुद्दाविहीन हो गयी है और राज्य की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है।

कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने भी सरकार का बचाव करते हुए कहा है कि नयी शिक्षा नीति में स्थानीय भाषा को बढ़ावा देने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा है कि सरकार किसी भी क्षेत्र के साथ भेदभाव की मंशा नहीं रखती है।

*********************

झारखंड हाईकोर्ट में शराब घोटाला मामले के आरोपी निलंबित आइएएस अधिकारी विनय चौबे की याचिका पर अब 20 जून को सुनवाई होगी। कल उनके केस की सुनवाई होनी थी और उनका मामला हाईकोर्ट में सूचीबद्ध भी था लेकिन समय के अभाव के कारण उनके केस की सुनवाई नहीं हो पाई। हाईकोर्ट में उनकी याचिका पर अगली सुनवाई की तिथि 20 जून मुकर्रर की गई है। विनय चौबे ने हाईकोर्ट में उनके खिलाफ एसीबी द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी और कार्रवाई को निरस्त करने और अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की है।

*********************

पद्मश्री छुटनी महतो ने राज्य में अंधविश्वास की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जतायी है। उन्होंने राज्य सरकार से डायन कुप्रथा के खिलाफ सख्त कानून बनाने की मांग की है। सरायकेला–खरसावां जिले के कुकड़ू प्रखंड अंतर्गत नीमडीह थाना क्षेत्र के सिरूम गांव में एक महिला को डायन कहकर प्रताड़ित किये जाने से क्षुब्ध छुटनी महतो ने कहा कि इस कुप्रथा से प्रताड़ित लोगों को कानूनी संरक्षण जरुरी है।

********************
लोहरदगा पुलिस ने बगडू थाना क्षेत्र के अरेया और लोहरदगा शहर के छत्तर बागीचा से लगभग 50 लाख रुपए का अवैध मादक पदार्थ बरामद किया है। इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। एसपी सादीक अनवर रिजवी ने बताया कि पुलिस लगातार नशे के विरुद्ध अभियान चला रही है। उधर, चतरा जिले में पुलिस ने 287 ग्राम ब्राउन शुगर, 11 किलो ग्राम से अधिक अफीम और साढ़े चौवालीस लाख रुपए नगद के साथ 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने इसकी पुष्टि की है।

********************
पलामू जिले की ग्रामीण महिलाएं मधुमक्खी पालन कर आत्मनिर्भर बन रही हैं।

********************
सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव इकानवे हजार छह सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख चौदह हजार रुपये प्रति किलो है।

********************

- राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी 17 जून को जनता दरबार लगाएंगे। जनता दरबार कांग्रेस भवन में पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू होगा। इस दौरान मंत्री संबंधित विभाग और जनहित से जुड़ी समस्याओं एवं शिकायतों को सुनेंगे। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने यह जानकारी दी।
- आजसू पार्टी ने पूर्वी सिंहभूम जिले में यातायात पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाये हैं। इस सिलसिले में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है। पार्टी की ओर से लगभग दो माह तक इस सिलसिले में हस्ताक्षपर अभियान भी चलाया गया।
- राजधानी रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे में 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई। यह हादसा सिकिदिरी क्षेत्र के भूसूर जंगल मोड़ के पास हुआ।
- रामगढ़ जिले में उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर आयोजित करने के निर्देश दिये हैं। उपायुक्त ने 15 से 30 जून तक इस अभियान की सफलता के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने को कहा है।

********************
मौसम विभाग ने राज्य में 16 से 18 जून के बीच मानसून के प्रवेश की संभावना जतायी है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि संताल परगना के रास्ते राज्य में मानसून का प्रवेश होगा। उन्होंने बताया कि आज से राज्य में प्री मानसून की बारिश शुरु हो जायेगी।

********************
हॉकी इंडिया की टीम झारखंड दौरे पर है। टीम ने गुमला के चंदाली में अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए बन रहे एस्टोटर्फ स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान तकनीकी मानकों के अनुरुप आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

**********समाप्त************